हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 21 दिसंबर 2025

11 रेत की कलाकृतियों में जीवंत हुई साहिबजादों...



12 मार्केट कमेटी चेयरमैन एवं वाइस चैयरमैन ने चलाया...



# सरकारी स्कूलों में शौचालय पर विशेष फोकस : डीईओ व डीईईओ हर माह जिले के 5 फीसदी व बीईओ करेंगे 10 फीसदी स्कूलों का निरीक्षण

शिक्षा निदेशालय के आदेश...स्वच्छता स्तर में हो सुधार, अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही भी तय करना

**हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शौचालय व्यवस्था पर सख्ती, शिक्षा विभाग ने अपनाया जीरो टॉलरेंस रवैया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजकीय विद्यालयों में शौचालयों की बदहाल व्यवस्था को लेकर शिक्षा विभाग ने अब तक का सबसे कड़ा कदम उठाया है। निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा के जारी विशेष आदेशों के बाद पूरे शिक्षा तंत्र में हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि अब स्कूलों में गंदे या अनुपयोगी शौचालयों को केवल तकनीकी कमी नहीं बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही माना जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य न केवल स्वच्छता स्तर में सुधार करना है बल्कि अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही भी तय करना है। शिक्षा निदेशालय ने अपने आदेशों में साफ शब्दों में कहा है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सम्मान और मूलभूत सुविधाओं से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए विभाग ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है जिसके तहत शौचालयों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

### औचक निरीक्षण से कसी जाएगी नकेल

विभाग ने लापरवाही पर लगाम लगाने के लिए निरीक्षण प्रणाली को और अधिक सख्त कर दिया है। आदेशानुसार अब प्रत्येक जिला शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक अधिकारी को हर माह अपने जिले के कम से कम पांच प्रतिशत स्कूलों का औचक निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। वहीं खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के कम से कम 10 प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिमाह करना होगा। इन निरीक्षणों का मुख्य फोकस स्कूलों के शौचालय होंगे। यदि निरीक्षण के दौरान कहीं भी गंदगी, पानी की कमी या शौचालयों की अनुपयोगी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मानना है कि नियमित और औचक निरीक्षण से व्यवस्था में सुधार आएगा और लापरवाह कर्मचारियों पर दबाव बनेगा।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि पत्र मिला चुका है। इसे बीईओ के मार्फत सभी स्कूलों में भेजा गया है। स्कूलों को औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधकों से कहा है कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें।

### प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों की सीधी जवाबदेही

स्कूल स्तर पर व्यवस्था सुधारने के लिए प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया है। विभागीय निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था अनिवार्य होगी। साथ ही शौचालय केवल कागजों में मौजूद नहीं होने चाहिए बल्कि पूरी तरह कार्यात्मक और उपयोग योग्य होने चाहिए। शौचालयों में साफ-सफाई और पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना स्कूल प्रमुखों का प्राथमिक कर्तव्य होगा। इसके अलावा प्रत्येक निरीक्षण के बाद प्रधानाचार्य को निरीक्षण रजिस्टर में विधिवत प्रविष्टि करनी होगी ताकि भविष्य में होने वाले ऑडिट और समीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे। अब सबकी नजर आगामी महीनों में होने वाले औचक निरीक्षणों और उन पर होने वाली कार्रवाइयों पर टिकी है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन आज व कल

**नारनौल।** बागवानी विभाग की ओर से मिश्रित बागवानी विकास मिशन के तहत 21 व 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला बागवानी अधिकारी ने बताया कि 21 दिसंबर को खंड कनीना के गांव बुचावास में, 22 दिसंबर को खंड के अमरपुर जोरासी में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को बागवानी की आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है।

### जिला स्तरीय समस्या निवारण कैम्प आयोजित

**नारनौल।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान शिक्षकों की ओर से प्रस्तुत की गई एलटीसी, कोर्ट केस सहित विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के समस्या निवारण शिविर शिक्षकों को त्वरित समाधान प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से शिक्षक अपने कार्यकाल से संबंधित समस्याओं को एक ही दिन में प्रस्तुत कर उनका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इससे अनावश्यक कार्यालयीय प्रक्रियाओं में समय की बचत होती है तथा प्रशासन व शिक्षकों के बीच समन्वय सुदृढ़ होता है। कैंप में प्राचार्य कर्णसिंह यादव, जिला एफएलएन कोर्डिनेटर डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. पंकज गौड़, पवन कुमार, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, सुरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

### प्रस्तावित सेन्सस 2.0 स्थगित

**नारनौल।** प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के सामूहिकरण हेतु प्रस्तावित सेन्सस 2.0 का आयोजन 22 व 23 दिसंबर को किया जाना था। जिसे स्थगित करके 29 व 30 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस विशिष्ट गतिविधि के माध्यम से कक्षा दो व तीन के सभी बच्चों का उनकी दक्षताओं के आधार पर सामूहिक करण किया जाएगा। यह अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे की दक्षताओं को परखना है और इसके आधार पर उनकी स्थिति का आकलन करते हुए वर्गीकरण करना है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि सेंसस 2.0 के लिए सभी केआरपी का प्रशिक्षण किया जा चुका है और असेसमेंट के लिए टीजीटी, पीजीटी की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। लगभग 800 टीजीटी व पीजीटी को असेसमेंट के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। हिन्दी के लिए 29 दिसंबर को व गणित के लिए 30 दिसंबर को प्राथमिक विद्यालयों में जाएंगे। इससे पहले कक्षा एक का असेसमेंट कक्षा अध्यापक द्वारा ही 24 से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने आह्वान करते हुए कहा कि यह है बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है और इसे सफल बनाकर सभी बच्चों को निपुण बनाना ही हमारा लक्ष्य है।

### दुकानदार दूसरे गेट पर कब्जा जमाए बैठे, लोगों को उठानी पड़ रही परेशानी

# वर्षों से सब्जी मंडी का दूसरा गेट बंद यहां अतिक्रमण से प्रशासन बेखबर

प्रशासन ने सब्जी मंडी में काफी हद तक अतिक्रमण हटा दिया है और रेहड़ियां भी व्यवस्थित ढंग से खड़ी होने लगी हैं, लेकिन प्रशासन की नजर अभी तक सब्जी मंडी के दूसरे गेट पर नहीं पड़ी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। दुकानदारों द्वारा बंद किया हुआ सब्जी मंडी गेट। फोटो : हरिभूमि

प्रशासन द्वारा शहर में इन दिनों बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। शहर के लगभग सभी बाजार खुले-खुले नजर आने लगे हैं। वहीं प्रशासन ने सब्जी मंडी में काफी हद तक अतिक्रमण हटा दिया है और रेहड़ियां भी व्यवस्थित ढंग से खड़ी होने लगी हैं, लेकिन प्रशासन की नजर अभी तक सब्जी मंडी के दूसरे गेट पर नहीं पड़ी है। दुकानदार दूसरे गेट पर कब्जा जमाए हुए बैठे हैं। यहां पर दुकानदारों ने तिरपाल आदि लगाकर गेट बंद किया हुआ है और सब्जी, आलू, टमाटर के बोरे लगाए हुए हैं। इसके अलावा कैरेट आदि लगा रखे हैं।

बता दें कि सब्जी मंडी के दुकानदारों ने काफी लंबे समय से अतिक्रमण किया हुआ था। दुकानदों की रेहडियां, तख्त आदि फड़ की जगह रोड पर लगाए बैठे थे। दोनों ओर से अतिक्रमण होने के कारण वाहन अक्सर फंसे हुए नजर आते थे।

इसके अलावा कई वाहन चालक व दुकानदारों के बीच में मारपीट करने की नौबत आ जाती थी। फिर एसडीएम कनिका गोयल ने कमान संभाली, इसके बाद सब्जी मंडी का दौरा कर रेहड़ी चालकों के चालान काट गए और अपनी हद में रेहड़ी लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश रंग लाए और रेहड़ी चालक दीवार से संटाकर रेहड़ी लगाने लगे। वहीं दुकानदार भी काफी हद तक पीछे सरक गए, लेकिन फिलहाल की प्रशासन की निगाहें दूसरे गेट पर नहीं पहुंची हैं। अगर दूसरा गेट खुल जाता हैं तो सब्जी मंडी और खुली–खुली नजर आ सकती हैं, जिससे सब्जी खरीदने आने वाले लोगों को काफी राहत मिल सकती हैं।

### आमजन को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए: एसडीएम

एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आमजन को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए, ताकि महेंद्रगढ़ को जाम मुक्त शहर बनाया जा सके। दुकानदार सड़कों पर अपना कोई भी स्थाई या बेचने वाली सामान न रखें। सभी दुकानदार अपने अधिकृत क्षेत्र में ही अपना सामान रखें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़ें। रही बात मंडी के दूसरे गेट की वह जल्द ही खुलवा दिया जाएगा, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### प्रदेश में महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी सबसे बड़ी

महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी में उत्तर प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की सब्जी की आवक होती हैं। जानकारों का मानना है कि प्रदेश में महेंद्रगढ़ सब्जी मंडी बड़ी मंडियों में शामिल है। सरकार द्वारा सब्जी मंडी का नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रखा हुआ है। मंडी में आसपास के गांवों के लोग सब्जी खरीदने आते हैं। शहर के बाकी दुकानदारों का कहना है प्रशासन द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। प्रशासन की इस कार्रवाई से शहर खुला-खुला नजर आने लगा है। ऐसे में प्रशासन को मंडी का दूसरा गेट भी खुलवाना चाहिए, ताकि सब्जी लेने आने वाले लोग आसानी से खरीददारी कर सकें।



नारनौल। रेवाड़ी रोड पर खड़ी अगला पहिया टूटी हुई इक्को। फोटो : हरिभूमि

# इक्को एवं वेन्यू गाड़ी में टक्कर इक्को का एक्सल तक टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रेवाड़ी रोड पर कैलाश नगर स्थित सरस्वती गार्डन के समीप एनएच 11 पर फोर बाइ फोर इक्को एवं वेन्यू गाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इक्को गाड़ी का अगला एक पहिया एक्सल टूटने से अलग हो गया।

इक्को में सवारियां भरी थी और वह नारनौल से अटेली की तरफ जा रही थी, जबकि वेन्यू गाड़ी अटेली की तरफ से नारनौल आ रही थी। इसी बीच आमने सामने की टक्कर हो गई। एक्सीडेंट के बाद सवारियां इक्को से उतरकर इधर–उधर चली गई, जबकि वेन्यू गाड़ी में एक ही व्यक्ति सवार था, जो गांव सेका का रहने वाला एवं पीएनबी का कर्मचारी बताया जा रहा है, सवार था। हादसे उपरांत एंबुलेंस एवं पुलिस की डॉयल 112 पर सूचना दी गई। पहले पुलिस गाड़ी पहुंची और थोड़ी देर में ही एंबुलेंस भी पहुंच गई, जिस पर वेन्यू गाड़ी सवार को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया, ताकि उसका इलाज हो सके। खबर लिखे जाने तक पुलिस पूछताछ में जुटी थी। इस हादसे में सौभाग्य की बात यह रही कि जोरदार टक्कर होने के बावजूद सभी मामूली चोटों के शिकार हुए और बड़े हादसे से बाल–बाल बच गए। अति व्यस्त रोड होने के चलते तुरंत ही वहां भीड़ इक्ट्ठी हो गई।

# ट्रामा सेंटर के बाहर साइकिल पर रखे थैले से 49 हजार गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नागरिक अस्पताल में बने नए ट्रॉमा सेंटर के बाहर दिन–दहाड़े दो महिलाओं ने एक व्यक्ति के साइकिल पर रखे थैले से 49 हजार रुपये चुरा लिए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर उसकी भी मदद ली जा रही है। राजस्थान के नजदीकी गांव निहालपुरा निवासी महीपाल गत 18 दिसंबर को पंजाब नेशनल बैंक नजदीकी शाखा सिविल अस्पताल से 50 हजार रुपये की नकदी निकलवाई थी। बैंक से निकलते समय उसे आभास हुआ कि दो महिलाएं उसका पीछा कर रही हैं। हालांकि उस समय उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। शिकायत के अनुसार दोपहर को उसने ट्रॉमा सेंटर के बाहर केले की रेहड़ी से केले खरीदे। इस दौरान उसके साइकिल के हैंडल पर थैला रखा हुआ था, जिसमें 49,500 रुपये नकद, पासबुक और चेकबुक रखी हुई थी। उसी समय दोनों महिलाएं वहां पहुंची। एक महिला केले की रेहड़ी के पास खड़ी हो गई, जबकि दूसरी महिला ने साइकिल के हैंडल पर रखे थैले पर चुन्नी डाल दी और मौका पाकर थैले से नकदी, पासबुक व चेकबुक निकाल ली और वहां से फरार हो गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उसने ट्रॉमा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी, जिसमें दो महिलाओं की संदिग्ध गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि दोनों महिलाओं की पहचान कर उसके चोरी हुए 49,500 रुपये, पासबुक और चेकबुक बरामद करवाई जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की**

# पोक्सो एक्ट में आरोपित बरी

**नारनौल।** थाना सतनाली में पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोप सिद्ध नहीं होने पर कोर्ट ने एक आरोपित को बरी कर दिया। यह मामला करीब नौ माह पूर्व ही दर्ज हुआ था। आरोपित पर पोक्सो एक्ट के अलावा बीएनएस की अन्य धाराएं भी लगी थी। जिसकी सुनवाई न्यायालय में चल रही थी। आरोपित की ओर से पैरवी कर रहे वकील संदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने आरोपित का पक्ष मजबूती के साथ न्यायालय के समक्ष रखा। मामले में सभी साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विस्तार से बहस की गई। बीती 18 दिसंबर को केपी सिंह अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपित को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपों को सिद्ध न कर पाने को आधार बनाया। फैसले के बाद आरोपित पक्ष ने राहत की सांस ली। वकील संदीप कुमार ने कहा कि न्यायालय ने निष्पक्षता से सभी तथ्यों पर विचार कर निर्णय दिया है। उन्होंने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सत्य और कानून की जीत हुई है।

# श्यामपुरा की टूटी माइनर को नहर विभाग ने करवाया रिपेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली



मंडी अटेली। श्यामपुरा माइनर जेसीबी की सहायता से रिपेयर करते हुए।

श्यामपुर माइनर नहर टूटने से क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। नहर टूटने के कारण करीब 15 एकड़ क्षेत्र में खड़ी फसल जलमग्न हो गई, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका है। अकलीपुर पुलिया के पास नहर टूटने से समीप बने एक मकान में भी क्षति पहुंची है। वहीं पशुओं का चारा भी पानी में भीग गया। दूसरे दिन नहर को रिपेयर कर दिया गया। अब अंतिम छोर तक पानी को पहुंचाया जाएगा, ताकि किसानों को सिंचाई करने के दौरान कोई परेशानी नहीं हो।

वहीं किसानों का कहना है कि वे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछली बार भी इसी स्थान से नहर टूटी थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिम्मेदार अधिकारी समय पर मरम्मत नहीं कराते और नहर टूटने के बाद केवल मिट्टी डालकर अस्थाई लीपापोती कर दी जाती है, जिससे समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाता। किसानों ने बताया कि टेल तक पानी बहुत कम मात्रा में पहुंचता है, जिसमें दो दर्जनभर किसान कभी-कभी पानी से वंचित भी रह जाते हैं।

किसानों ने मांग की है कि नहर की गुणवत्ता की जांच कराकर नियमित व पुख्ता मरम्मत कराई जाए, ताकि समय पर सिंचाई का पानी मिल सके और उनकी फसलें सुरक्षित रह सकें।

# भूमि विकास बैंक के उपभोक्ताओं को ब्याज माफी का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

किसानों को कर्ज मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने वन टाइम सैटलमेंट (ओटीएस) स्कीम लागू की है। स्कीम के तहत अब मृतक किसान के परिजनों द्वारा भूमि विकास बैंक से लिए गए ऋण का मूलधन जमा करने पर उनको ऋण मुक्त कर दिया जाएगा।

ओटीएस को सभी किसानों तक पहुंचाने के लिए जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक मंडल व बैंक अधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन सुनील यादव ने की। ग्रामीण विकास बैंक कार्यालय में आयोजित इस बैठक में चेयरमैन ने कहा कि ओटीएस स्कीम के तहत सहकारी भूमि विकास बैंक से ऋण लेने वाले किसानों द्वारा ऋण को एकमुश्त जमा करवाने पर 50 प्रतिशत ब्याज राशि माफ कर दी जाएगी। ऋण लेने वाले किसानों को ऋण पर लगाई गई पेनल्टी पूरी माफ कर दी जाएगी। मृतक किसानों के परिजनों द्वारा लिए गए कर्ज की मूल राशि जमा करने पर उनको कर्ज मुक्त कर दिया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को कर्ज मुक्त कर उन्हें राहत देना है। इस योजना का अधिक से अधिक किसानों को लाभ उठाने का आह्वान किया। मौके पर राज्य निदेशक विजयपाल सिंह, उपेंद्र व सभी बैंक प्रबंधक मौजूद रहे।

**खुशहाली** दूरदर्शी विजन से महेंद्रगढ़ जिले में जल प्रबंधन के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कार्य

# जीवनदायिनी मानी जाने वाली कृष्णावती और दोहान नदियों को नहर के पानी से किया पुनर्जीवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में जल प्रबंधन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सिंचाई विभाग के प्रयासों से दशकों से क्षेत्र के किसानों के जीवन में खुशहाली का नया संचार किया है। जिले की जीवनदायिनी मानी जाने वाली कृष्णावती और दोहान नदियों को नहर के पानी से पुनर्जीवित किया गया है।

इस परियोजना के तहत आज 32 चिन्हित स्थानों के माध्यम से लगभग 500 क्यूसेक पानी इन नदियों में साल में 90 दिनों से अधिक समय तक 80 किलोमीटर की लंबाई में लगातार बहता है। इससे प्रतिवर्ष 31,200 एकड़ फुट भूजल का पुनर्भरण हो रहा है। मुख्यमंत्री के जल संचयन के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए प्रशासन ने पंचायत की अतिरिक्त भूमि का उपयोग कर 325 तालाबों को रिचार्जिंग केंद्रों में बदला है। इससे सालाना 66,228 एकड़ फुट पानी जमीन के भीतर वापस जा रहा है।



नारनौल। हमीदपुर बांध। फोटो : हरिभूमि

### 138 पंचायतों में भूजल स्तर में भारी सुधार

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए बाढ़ के दौरान यमुना के अतिरिक्त पानी को सहेजने के लिए 25 पक्के जलाशयों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो 8300 एकड़ फुट पानी के भंडारण के साथ सिंचाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। इन संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम है कि वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार जिले की 138 ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर में भारी सुधार दर्ज किया गया है। इनमें से 11 पंचायतों में तो यह सुधार 40 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक देखा गया है, जबकि 93 पंचायतों में जल स्तर अब पूरी तरह स्थिर हो चुका है। अकबरपुर सिरोही, आकोली और आंतरी जैसे अनेक गांवों में पीजोमीटर स्थापित किए गए हैं, जो न केवल जल स्तर की सटीक निगरानी कर रहे हैं बल्कि जनता को जल संरक्षण के प्रति निरंतर प्रेरित भी कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**



नारनौल। सोसायटी सदस्यों को सम्मानित करते अतरलाल एडवोकेट।

## बाबा लाल गिरी सोसायटी कनीना को किया सम्मानित

**नारनौल।** श्री श्री 1008 बाबा लाल गिरी सोसायटी कनीना को खेल, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रजा भलाई संगठन की ओर से राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। धनौंदा गांव में आयोजित सम्मान समारोह में संगठन सुप्रीमो अतरलाल एडवोकेट ने बाबा लाल गिरी सोसायटी के प्रधान पूर्व पार्षद मोहन सिंह, सदस्य कर्णसिंह यादव, पार्षद नितिन, जगमाल सिंह बोहरा, पंकज, सुनिल कुमार को साफा पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। अतरलाल ने कहा कि सोसायटी की ओर से हर वर्ष खेल आयोजन व रक्तदान शिविर जैसे जो परोपकार के कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र की जनता हमेशा सोसायटी की ऋणी रहेगी।



महेंद्रगढ़। वाटिका का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो हरिभूमि

## बच्चों ने किया श्याम वाटिका का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम मंदिर के सामने मोहल्ला जवाहर नगर में स्थित श्री ओमसाईंराम एकेडमिक व हाइट्स पब्लिक स्कूल के 52 बच्चों ने विद्यालय की उपप्राचार्या मोनिका दीवान के नेतृत्व में सतनाली रोड पर स्थित श्री श्याम वाटिका का भ्रमण किया और पेड़ पौधों की जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने सीखा कि मौसम के अनुसार पेड़-पौधों की देखभाल कैसे करनी चाहिए तथा पेड़ पौधे हमारे पर्यावरण के लिए कितने आवश्यक हैं। चेयरपर्सन निशा सैनी ने बच्चों को बताया कि पेड़ पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। वे वर्षा लाने में सहायक हैं।



कनीना। विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य।

## एसडी ककराला में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कनीना।** गांव ककराला स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में विद्यार्थी दीपांशु व कीर्ति को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से 11-11 हजार व जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा भावना तथा भूमि को 5100-5100, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र लक्ष्य व अभिनव को 2100-2100 का पुरस्कार दिया।

ठंडे बुर्ज की कैद से दीवारों में चुने जाने तक की अमर गाथा देख नम हुई आंखें

# रेत की कलाकृतियों में जीवंत हुई साहिबजादों की वीरता

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में सैंड आर्ट शो का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



मुगल शासकों के जुल्म के आगे न झुकने वाला जज्बा, धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने का साहस और दीवारों में जिंदा चुने जाने के बाद भी चेहरे पर वही निडर मुस्कान, जब गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की यह वीरगाथा रेत के कणों के माध्यम से जीवंत हुई, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम और सीना गर्व से चौड़ा हो गया।

अवसर था राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सैंड आर्ट शो का, जहां कला के अनूठे संगम ने इतिहास की महानतम शहादत को जीवंत कर दिया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंत में साहिबजादों के जीवन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने किया। विशिष्ट अतिथि हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी के कार्यकारी सदस्य सरदार तेजेंद्र पाल सिंह मौजूद थे। इस 40 मिनट के शो में कलाकारों ने रेत की कलाकृतियों के जरिए सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादा बाबा अजीत सिंह, साहिबजादा बाबा जुझार सिंह, साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह के बलिदान के हर लम्हे को भावुक और प्रेरक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज, प्राचार्या प्रोमिला यादव, समाजसेवी बलदेव सिंह चहल, सुरजीत सिंह अरोड़ा, अमरजीत सिंह, हरजीत सिंह, हरविंद्र सिंह के अलावा समस्त स्टाफ व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### परिवार के बिछड़ने के दृश्यों को बारीकी से दिखाया

शो के दौरान कलाकारों ने खालसा पंथ की स्थापना से लेकर 1704 में मुगल सेना के आक्रमण, आनंदपुर साहिब का किला छोड़ना और सरसा नदी के तट पर परिवार के बिछड़ने के दृश्यों को बड़ी ही बारीकी से दिखाया। कार्यक्रम में दिखाया गया कि कैसे गंगू के लालच के कारण माता गुजरी व मासूम साहिबजादों को वजीर खां ने गिरफ्तार किया और उन्हें हाड़कंपा देने वाली ठंड में ठंडे बुर्ज में कैद रखा गया। विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा कि कैसे वजीर खां की भरी सभा में इस्लाम स्वीकार करने के दबाव के बावजूद साहिबजादों ने बिना डरे जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का जयकारा लगाया। अंत में 27 दिसंबर 1704 को जब साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी व साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी को दीवारों में जिंदा चिनवाया जा रहा था, तब भी वे निर्भीक होकर जपुजी साहिब का पाठ करते रहे।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# 12वीं के विद्यार्थियों का क्लैट के साथ अलैट दिल्ली में भी चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के तीन होनहार विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित अलैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों में आयुष यादव पुत्र करण सिंह, स्नेहा पुत्री संदीप एवं रिया सैनी पुत्री सुनील सैनी शामिल हैं। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए विद्यालय के छात्र आयुष यादव ने (ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट) दिल्ली परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। क्लैट के साथ अलैट जैसी कठिन परीक्षा में चयन होना आयुष यादव की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। चेयरमैन बीएल यादव, सीईओ डॉ. निशा यादव, डायरेक्टर राहुल यादव एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। चेयरमैन बीएल यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। डायरेक्टर राहुल यादव एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

- छात्रों ने अपनी प्रतिभा से आयोजकों का दिल जीत लिया

# यदुवंशी स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में शनिवार की गतिविधियों के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, टीमवर्क और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता को रोचक बनाने के लिए इसे विभिन्न राउंडों में विभाजित किया गया, जिनमें रैपिड फायर राउंड, ऑडियो-विजुअल राउंड, करंट अफेयर्स राउंड तथा लॉजिकल थिंकिंग राउंड शामिल थे। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और सकारात्मक भावना के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उनके ज्ञान स्तर ने शिक्षकों को अत्यंत प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम डी, जिसमें तेजस्वी, संदीप, अनुज, बिनेश प्रथम रहे। टीम ए में आंजनेय, आरव, रितेष, आयुश व टीम बी में नकुल, वर्निका, काव्या, आर्यन द्वितीय स्थान पर रहे व टीम सी में लक्षित, यजत, अंशु यादव, दिपांशु तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि आज की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को देखकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है।

- पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सर्वधर्म सभा व हवन के आयोजन में लिया भाग

# जेजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाई स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता।

सिंघाना मार्ग पर स्थित जननायक जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से सर्वधर्म सभा का आयोजन कर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में हवन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने कहा कि वर्ष 1999 से 2005 तक मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने हरियाणा में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की। इनमें सरकार आपके द्वार, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, किसानों के लिए सब्सिडी व ऋण योजनाएं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना प्रमुख रहे। ग्रामीण विकास व सामाजिक सुरक्षा उनकी नीतियों का मुख्य आधार था। उन्होंने कहा कि स्व. चौटाला की सोच हरि का हाथ जनता के साथ की विचारधारा से प्रेरित थी, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक सीधे लाभ पहुंचाना था। किसानों, मजदूरों और बुजुर्गों के लिए शुरू की गई योजनाओं के कारण उनकी लोकप्रियता प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में बढ़ी। जिला प्रधान ने पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित सफल रैली के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मास्टर हरचंद तोबड़ा, सिकंदर गहली, अशोक सैनी, सुरेंद्र पटीकारा, बेदू राता, प्रमोद ताखर, दिनेश तंवर, विजयपाल अधिवक्ता, नगर पार्षद संदीप भाखर, अजय चौधरी अधिवक्ता, विष्णु डाबड़, सचिन पार्षद, अनमोल गुप्ता, महेंद्र, शारदा खन्ना, केशव वर्मा, वीरेंद्र घटाशेर, बिमला प्रधान, शीला प्रधान, शेखर राता, बनवारी फौजी कालबा, सरदार नोनीहाल सिंह, सफी मोहम्मद, ब्रह्मनंद, मिटू सिंह, प्रकाश, बलवान ग्रेवाल, जयवीर फौजी, योगी अदलपुर, सुनील जेवली, अभिषेक कुरावटा, बजरंग गुर्जर, कुणाल शुक्ला मौजूद थे। इस दौरान रमेश बास, जिलेसिंह पड़ताल, पवन कुमार, प्रकाश, विक्रम सहित कई साथियों ने जननायक जनता पार्टी में आस्था व्यक्त की।

# आरपीएस ने स्टेट रेडक्रॉस रनरअप का खिताब जीता

- आरपीएस ने ग्रुप डांस में पूरे राज्य में प्रथम स्थान व भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस स्कूल की छात्राओं ने राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सफलता हासिल की है। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर में स्कूल की टीम को 'स्टेट रनर-अप चैंपियनशिप' के खिताब से नवाजा गया है। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस तरह के शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। रेडक्रॉस के इन कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस कैंप जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं।



महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल में चार दिवसीय स्पोर्ट्स मीट पर सम्मान समारोह आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शनिवार को समापन किया गया। इस दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, गर्व और खेल भावना से ओत-प्रोत नजर आया। समापन समारोह में सभी मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विभिन्न खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल तथा उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों को सदैव खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

# कॉमर्स ओलंपियाड में हैप्पी स्कूल के छात्र छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- विजेता छात्रों को पुरस्कार से किया सम्मानित



जतिन अग्रवाल।

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओफ इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में शानदार और गौरवपूर्ण प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं और 12वीं के कुल 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश ने अत्यंत उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि का सबसे बड़ा आकर्षण कक्षा 11वीं के छात्र जतिन अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार रहे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक प्राप्त करते हुए 99.97 परसेंटाइल स्कोर किया। उनकी इस असाधारण सफलता पर उन्हें अंतरराष्ट्रीय सिल्वर मेडल, सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस, गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन, सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन, स्टूडेंट प्रोग्रेस रिपोर्ट के साथ-साथ 12,500 की नगद राशि प्रदान की गई। कक्षा 11वीं के 24 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत किया। इनमें सुहाना, दिशा अग्रवाल और पायल का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। वहीं कक्षा 12वीं के 12 विद्यार्थियों द्वारा 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए जाने से पूरे विद्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस वर्ग में राधिका अग्रवाल, नंदिनी राठी, कौशिका, प्रियांशी बंसल, ज्योति, पलक मेहता, विभा शर्मा, भव्या बंसल और दीपिका जैसे विद्यार्थियों ने अग्रणी भूमिका निभाई। कुल मिलाकर 36 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक परसेंटाइल अर्जित किए। कॉमर्स अध्यापक पवन कुमार एवं अध्यापिका संतोष यादव का कुशल मार्गदर्शन, सतत परिश्रम और प्रेरणादायी शिक्षण प्रमुख रहा।



नारनौल। पीटीएम में भाग लेते अध्यापक अभिभावक।

## हरियाणा स्कूल में पीटीएम आयोजित, अभिभावकों ने रखे सुझाव

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल शनिवार को अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों ने सभी विषयों से संबंधित शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता षर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन की बच्चों की पढ़ाई में लाभदायक होते है। अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी सही मायने में तभी सार्थक होता है, जब सर्वप्रथम अभिभावक बच्चों के लिए जागरूक है और अध्यापक बड़े ही प्रेम से दिशा निर्देश दे। विद्यालय प्राचार्य अवनीष सैनी ने सभी अभिभावकों को विद्यालय पधारने पर धन्यवाद किया। अभिभावकों ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की कार्यशैली की प्रशंसा की और विद्यालय के अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता, शिक्षा के क्षेत्र में राज्य स्तरीय परिणाम और सर्वांगीण विकास से जुड़ी सभी गतिविधियों की सराहना की। अभिभावकों ने विद्यालय में शक्षण कार्यशैली के लिए अपने सुझाव भी दिए, उन सुझावों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्वीकार कर लिया गया। इस मौके पर रामनिवास डीपीई, संजय कुमार, नरेश कुमार, अशोक यादव, मुकेश शर्मा, शुभराम यादव, दीपक कुमार, जोगेंद्र कुमार, लोकेश कुमार, दीपक, लक्ष्मी चौहान, अल्पना शर्मा, ज्योति शर्मा, वन्दना सैनी, सुमन सैनी आदि मौजूद थे।

**खतरे का सफर** रात्रि के समय इस सर्विस रोड पर कोई लाइट न होने से आ रही समस्या

बाइक सवारों एवं छोटे वाहनों को दिक्कत का करना पड़ रहा है अधिक सामना

# खोड़ सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक बोर्ड नहीं होने से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। अंडरपास से गुजरता खोड़ सर्विस रोड। फोटो: हरिभूमि

सड़क सुरक्षा को लेकर हर साल प्रयास किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे परे है। नारनौल–रेवाड़ी रोड नेशनल हाईवे 11 पर खोड़ के सर्विस रोड के बीच से तिगरा से अटेली जाने वाले सड़क मार्ग गुजर रहा है। खोड के सर्विस रोड पर ब्रेकर एवं सांकेतिक बोर्ड नहीं होने के चलते वह मार्ग हादसों को निमंत्रण दे रहा है। खोड सर्विस रोड पर एक से दो ब्रेकर तो बनाए हुए हैं, परंतु उन ब्रेकरों का कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है। सिहमा, सागरपुर, तिगरा के वाहन चालक नारनौल–रेवाड़ी रोड नेशनल हाईवे खोड बाईपास से होते हुए रेवाड़ी एवं दिल्ली जाते हैं।

### समस्या के समाधान की मांग

रेवाड़ी नारनौल रोड नेशनल हाईवे से वापस अटेली से तिगरा रोड पर खोड़ में यह सर्विस रोड से होकर गुजरते हैं। रात्रि के समय इस सर्विस रोड पर न तो कोई लाइट है, न ही कोई संकेतक बोर्ड लगाया हुआ है, जिसके चलते बाइक सवारों एवं छोटे वाहनों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खोड सर्विस रोड पर इन दिनों ठंड के साथ कोहरे का असर बनेगा, लेकिन फिर भी अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे है। युवा सत्यप्रकाश ने बताया कि खोड़ सर्विस रोड पर वाहन तेजी से निकलते हैं। ब्रेकर तो बना हुआ है, लेकिन जब वहां उस ब्रेकर से निकलता है तो अटेली से तिगरा सड़क रोड के बीच से निकलता है तो स्पीड ज्यादा तेज हो जाती है, जिससे अटेली से आ रहे वाहन को दिखाई नहीं देता है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। वहीं सर्विस रोड के बीच में लाल कलर के ट्रैफिक शंकु भी बीच में गिरे हुए हैं। इसके अलावा संकेतक बोर्ड न होने से हादसों की का खतरा बना रहता है। यहां आए दिन दोपहिया वाहनों का किसी न किसी के साथ हादसा होता रहता है। उन्होंने प्रशासन से सांकेतिक बोर्ड के साथ खोड सर्विस रोड के चौराहे पर स्पीड ब्रेकर एवं लाईट लगाने मांग की है।

# एमआर स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

एमआर पब्लिक स्कूलए मित्रपुरा में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा का समापन हुआ। इस अवसर आयोजित लड़कियों की 100 मीटर रेस में जीविका, वंदना प्रथम, उर्मिला, आरवी द्वितीय, महक, नितिका तृतीय, कक्षा छठीं 200 मीटठर रेस में वंदना प्रथम, आरवी द्वितीय, निकिता तृतीय, कक्षा सातवीं मोहनी प्रथम, आराध्या द्वितीय, माही तृतीय, आठवीं 100 मीटर रेस मे परी प्रथम, नेहा द्वितीय व पलक तृतीय रही। इसी तरह रिले रेस में नेहा, परी, साक्षी, आनिया प्रथम, जीविका, अंकाशा, पलक, खुशी द्वितीय, वंदना, इशिका, गरिमा, चिंकी तृतीय, कक्षा नौवीं 400 मीटर रेस में खुशी प्रथम, रितिका द्वितीय, रिया तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की कक्षा सातवीं 100 मीटर रेस में नितिन प्रथम, प्रीक्षित द्वितीय, हर्ष तृतीय, 200 मीटर में प्रवीण प्रथम, आयुष द्वितीय, विहान तृतीय, 400 मीटर में जय प्रथम, हर्ष द्वितीय, भाविन तृतीय, कक्षा आठवीं 200 मीटर में जयवीर प्रथम, आयुष द्वितीय, चिराग तृतीय, कक्षा नौवीं 400 मीटर रेस में कार्तिक प्रथम, भावेश द्वितीय, चेतन तृतीय, 10वीं कक्षा 400 मीटर में अनिश प्रथम, इकेश द्वितीय, अनुज तृतीय, 400 मीटर ओपन रेस में अक्षित प्रथम, पंकज द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

